# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा

एवं

# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा, विद्या भवन निशातगंज, लखनऊ –226007

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई-मेल upefaspo@gmail.com दूरभाष 0522 4024440 2780384 781128

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांक: सामु0सह0 / वार्षिकोत्सव / 7500 / 2025–26 लखनऊः दिनांकः 01.01/2026

**विषयः परिषदीय विद्यालयों में (पी0एम0 श्री विद्यालयों को छोड़कर) विद्यालय प्रबन्ध समिति के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

प्रदेश के समस्त परिषदीय विद्यालयों में (पी0एम0 श्री विद्यालयों को छोड़कर) बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव में वृद्धि के साथ ही विद्यालयों से आत्मीयता, बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं टीम वर्क की भावना विकसित करने तथा विद्यालयों से अभिभावकों / समुदाय की भागीदारी के उद्देश्य से वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव का आयोजन दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक कराया जाना है।

1. **विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्ध समिति के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव के आयोजन हेतु निर्देश–**

1) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्यालय प्रबन्ध समिति के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव के आयोजन की रूप–रेखा तय करेंगे।
2) समस्त खंड शिक्षा अधिकारी अपने–अपने विकास खण्ड के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ विद्यालय प्रबन्ध समिति के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव हेतु तैयारी बैठक करेंगें।
3) समस्त परिषदीय एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में वार्षिकोत्सव से पूर्व विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक का आयोजन किया जायेगा।
4) विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक में वार्षिकोत्सव की कार्ययोजना का खाका तैयार किया जायेगा। बैठक में विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों के साथ चर्चा कर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जायेगा।
5) विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों को बैठक में मोहल्ला / वार्ड वार अभिभावक को वार्षिकोत्सव के आयोजन में शामिल होने हेतु व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जायेगा।
6) वार्षिकोत्सव के पूर्व प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय में अभिभावक–अध्यापक बैठक का आयोजन किया जाय तथा वार्षिकोत्सव में बच्चो की सहभागिता एवं उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों ,खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता पर चर्चा करते हुए वार्षिकोत्सव में अभिभावकों की भागीदारी तथा उनके सहयोग पर सहमति ली जाय। उक्त बैठक से पूर्व प्रधानाध्यापक दीक्षा पर उपलब्ध कोर्स को अवश्य पूर्ण कर ले तथा बैठक के पश्चात सूचनाओं को प्रेरणा पर उपलब्ध अभिभावक–अध्यापक बैठक माड्यूल में अवश्य फीड करे।
7) प्रधानाध्यापक का दायित्व होगा कि विद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र–छात्रा के माता–पिता / अभिभावक को आमंत्रण पत्र भेजकर अथवा व्यक्तिगत सम्पर्क एवं अन्य माध्यम से वार्षिकोत्सव की तिथि के बारे में 02 दिन पूर्व सूचित कर आमंत्रित करेंगे।
8) कार्यक्रम हेतु राज्य, जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर कार्य कर रही स्वैच्छिक संस्थाओं का सहयोग विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों एवं छात्र–छात्राओं के माता–पिता / अभिभावक को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करने में लिया जा सकता है।



(...का रानी)

9) विद्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक वार्षिकोत्सव आयोजित किया जायेगा।

10) वार्षिकोत्सव में टेंट, साज–सज्जा एवं अभिभावकों के बैठने हेतु कुर्सियाँ आदि की व्यवस्था प्रधानाध्यापक द्वारा सुनिश्चित की जाऐगी।

11) कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में विद्यालय के सेवित क्षेत्र में मुनादी, उद्घोषणा, व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना प्रदान कर कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया जाऐगा।

12) प्रधानाध्यापक तथा विद्यालय के अन्य अध्यापको का दायित्व होगा कि वार्षिकोत्सव के लिए समस्त माता–पिता/अभिभावकों के अतिरिक्त पूर्व एस.एम.सी.सदस्यों, पूर्व पंचायत सदस्यों और प्रधान, वर्त्तमान पंचायत सदस्यों एवं प्रधान, अन्य जनप्रतिनिधियों, समुदाय के सम्मानित सदस्यों को भी आमंत्रित करेंगे ।

13) वार्षिकोत्सव में समस्त अभिभावकों, पुरातन छात्रों, प्रतिनिधि पंचायत राज/स्थानीय प्राधिकारी, ऑगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा एवं अन्य स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जायेगा।

14) वार्षिकोत्सव के दिन प्रस्तुतीकरण, पुरूस्कार वितरण तथा अतिथियों और अभिभावकों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था की जायेगी।

15) विद्यालय में वार्षिकोत्सव से सम्बंधित एक सेल्फी प्वान्इट बनवाया जायेगा, जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के साथ फोटो खिचवायेंगें। इससे अभिभावकों और बच्चों का विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

16) वार्षिकोत्सव में विद्यालय के समस्त अध्यापकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाऐगी।

17) वार्षिकोत्सव का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों से दीप जलाकर एवं पौधे लगाकर किया जाऐगा।

18) वार्षिकोत्सव के दिन परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुसज्जित करते हुए अभिभावकों का स्वागत अध्यापकों एवं एस0एम0सी0 सदस्यों द्वारा किया जाऐगा, जिससे उनमें विशिष्टता का भाव उत्पन्न होगा।

वार्षिकोत्सव के दिन सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् है:–

| | |
|---|---|
| सांस्कृतिक कार्यक्रम | ▪ शिक्षकों, बच्चों एवं अभिभावकों को सम्मिलित करते हुए आउट ऑफ स्कूल बच्चों अथवा निरन्तर अनुपस्थित होने के दुष्प्रभाव के विषय पर नाटक का मंचन किया जाए।<br>▪ छात्र–छात्राओं के साथ अभिभावकों को भी शिक्षा का महत्व, बच्चों की उपस्थिति, गृह आधरित शिक्षा तथा निरन्तर पढ़ाई जारी रखने सम्बन्धी विषय पर भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>▪ छात्र–छात्राओं के रचनात्मक कौशल वृद्धि के लिए गतिविधियाँ जैसे–वाद–विवाद, लेखन, ड्रांइग एवं पेंटिंग, रंगोली एवं पोस्टर बनाने प्रतियोगितायें भी करायी जाए।<br>▪ सांस्कृतिक विषयों पर आधारित नाटक/कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>▪ उच्च प्राथमिक स्तर छात्र–छात्राओं द्वारा विद्यालय में लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित वस्तुओं की स्टॉल का प्रदर्शन किया जायेगा। |
| पुरस्कार एवं सम्मान | ▪ नामांकित बच्चों में से सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को सम्मानित किया जाये।<br>▪ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट/अच्छा प्रदर्शन करने वालों में छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत/सम्मानित किया जाए।<br>▪ कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार वितरण (प्रत्येक कक्षा हेतु प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय पुरस्कार। |
| कार्यक्रम की फोटो/वीडियो क्लिप | ▪ समस्त छात्रों, शिक्षकों, माता–पिता/ अभिभावकों तथा अन्य अतिथियों की ग्रुप फोटोग्राफ अवश्य ली जाए।<br>▪ इसके साथ ही समस्त प्रतियोगिताओं, पुरस्कार–सम्मान समारोह तथा अन्य गतिविधियों की भी फोटो एवं छोटे–छोटे वीडियो क्लिप भी बनवाए जायें। |

**2. खेल उत्सव के आयोजन के आयोजन हेतु निर्देशः–**

1) खेल उत्सव का आयोजन यथा सम्भव वार्षिकोत्सव के साथ कराया जायेगा।

2) खेल उत्सव के आयोजन से पूर्व विद्यालय में खेल–कूद से सम्बन्धित सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी तथा दौड़ प्रतियोगिता के लिए ट्रैक बनाया जायेगा।

वार्षिकोत्सव के दिन खेल–कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् हैः–

| कार्यक्रम | गतिविधियाँ |
|---|---|
| खेल–कूद | ▪ कक्षा–3–5 के बच्चों के लिए 50 तथा 100 मीटर की दौड़।<br>▪ कक्षा– 5–8 के बच्चों के लिए 100 तथा 200 मीटर की दौड़।<br>▪ समस्त बच्चों की 4X100 मीटर की रिले रेस।<br>▪ यदि सम्भव हो तो अभिभावकों की भी रिले रेस अथवा दौड़ एवं अन्य खेलकूद की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। |
| पुरस्कार एवं सम्मान | ▪ खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र–छात्राओं को पुरस्कार वितरण (प्रत्येक कक्षा हेतु प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय पुरस्कार) |

**वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव के आयोजन हेतु वित्तीय व्यवस्था–**

1) विद्यालय प्रबन्ध समिति के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव के आयोजन हेतु विद्यालय की साज–सज्जा, टेंट, कुर्सियां, दरी, पुरस्कार तथा समस्त अभिभावकों के जलपान आदि की व्यवस्था हेतु SMC Training मद से रूपये 1200/– प्रति विद्यालय की दर से आवंटित किया जाता है।

2) खेल उत्सव हेतु खेलकूद सामग्री की व्यवस्था एवं दौड़ प्रतियोगिता के लिए ट्रैक बनाये जाने हेतु Community Mobilization मद से रूपये 300/– प्रति विद्यालय की दर से आवंटित किया जाता है।

तदानुसार वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव के आयोजन हेतु निम्नलिखित विवरणानुसार जनपदों को लिमिट जारी की जा रही हैः–

जनपदवार परिषदीय एवं के0जी0बी0वी0 विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव के आयोजन हेतु आवंटित धनराशि का विवरण

| क्र. सं. | जनपद का नाम | परिषदीय विद्यालयों की संख्या | कुल के0जी0 बी0वी0 की संख्या | कुल परिषदीय एवं के0जी0बी0 वी0 की संख्या | वार्षिकोत्सव के आयोजन हेतु प्रति विद्यालय रू0 1200/– की दर से आवंटित धनराशि | | | खेल उत्सव के आयोजन हेतु प्रति विद्यालय रू0 300/– की दर से आवंटित धनराशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | परिषदीय विद्यालयो में वार्षिकोत्सव के आयोजन हेतु जनपदों को जारी लिमिट | केजी.बी.वी. में वार्षिकोत्सव के आयोजन हेतु जनपदों को जारी लिमिट | वार्षिकोत्सव के आयोजन हेतु आवंटित कुल धनराशि | परिषदीय विद्यालयों में खेल उत्सव के आयोजन हेतु जनपदों को जारी लिमिट | केजी.बी.वी. में खेल उत्सव के आयोजन हेतु जनपदों को जारी लिमिट | खेल उत्सव के आयोजन हेतु आवंटित कुल धनराशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | AGRA | 2469 | 13 | 2482 | 2962800 | 15600 | 2978400 | 740700 | 3900 | 744600 |
| 2 | ALIGARH | 2093 | 13 | 2106 | 2511600 | 15600 | 2527200 | 627900 | 3900 | 631800 |
| 3 | AMBEDKAR NAGAR | 1563 | 8 | 1571 | 1875600 | 9600 | 1885200 | 468900 | 2400 | 471300 |
| 4 | AMETHI | 1551 | 13 | 1564 | 1861200 | 15600 | 1876800 | 465300 | 3900 | 469200 |
| 5 | AURAIYA | 1252 | 0 | 1252 | 1502400 | 0 | 1502400 | 375600 | 0 | 375600 |
| 6 | AZAMGARH | 2662 | 21 | 2683 | 3194400 | 25200 | 3219600 | 798600 | 6300 | 804900 |
| 7 | BAGHPAT | 519 | 2 | 521 | 622800 | 2400 | 625200 | 155700 | 600 | 156300 |
| 8 | BAHRAICH | 2808 | 15 | 2823 | 3369600 | 18000 | 3387600 | 842400 | 4500 | 846900 |
| 9 | BALLIA | 2223 | 16 | 2239 | 2667600 | 19200 | 2686800 | 666900 | 4800 | 671700 |
| 10 | BALRAMPUR | 1797 | 11 | 1808 | 2156400 | 13200 | 2169600 | 539100 | 3300 | 542400 |
| 11 | BANDA | 1713 | 8 | 1721 | 2055600 | 9600 | 2065200 | 513900 | 2400 | 516300 |
| 12 | BARABANKI | 2600 | 15 | 2615 | 3120000 | 18000 | 3138000 | 780000 | 4500 | 784500 |
| 13 | BAREILLY | 2457 | 18 | 2475 | 2948400 | 21600 | 2970000 | 737100 | 5400 | 742500 |
| 14 | BASTI | 2049 | 13 | 2062 | 2458800 | 15600 | 2474400 | 614700 | 3900 | 618600 |
| 15 | BHADOI | 874 | 5 | 879 | 1048800 | 6000 | 1054800 | 262200 | 1500 | 263700 |
| 16 | BIJNOR | 2100 | 14 | 2114 | 2520000 | 16800 | 2536800 | 630000 | 4200 | 634200 |
| 17 | BUDAUN | 2128 | 18 | 2146 | 2553600 | 21600 | 2575200 | 638400 | 5400 | 643800 |
| 18 | BULANDSHAHR | 1829 | 16 | 1845 | 2194800 | 19200 | 2214000 | 548700 | 4800 | 553500 |
| 19 | CHANDAULI | 1165 | 9 | 1174 | 1398000 | 10800 | 1408800 | 349500 | 2700 | 352200 |
| 20 | CHITRAKOOT | 1255 | 4 | 1259 | 1506000 | 4800 | 1510800 | 376500 | 1200 | 377700 |
| 21 | DEORIA | 2088 | 13 | 2101 | 2505600 | 15600 | 2521200 | 626400 | 3900 | 630300 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | ETAH | 1676 | 8 | 1684 | 2011200 | 9600 | 2020800 | 502800 | 2400 | 505200 |
| 23 | ETAWAH | 1472 | 2 | 1474 | 1766400 | 2400 | 1768800 | 441600 | 600 | 442200 |
| 24 | FAIZABAD | 1776 | 10 | 1786 | 2131200 | 12000 | 2143200 | 532800 | 3000 | 535800 |
| 25 | FARRUKHABAD | 1563 | 5 | 1568 | 1875600 | 6000 | 1881600 | 468900 | 1500 | 470400 |
| 26 | FATEHPUR | 2111 | 10 | 2121 | 2533200 | 12000 | 2545200 | 633300 | 3000 | 636300 |
| 27 | FIROZABAD | 1810 | 3 | 1813 | 2172000 | 3600 | 2175600 | 543000 | 900 | 543900 |
| 28 | G.B. Nagar | 505 | 3 | 508 | 606000 | 3600 | 609600 | 151500 | 900 | 152400 |
| 29 | GHAZIABAD | 437 | 4 | 441 | 524400 | 4800 | 529200 | 131100 | 1200 | 132300 |
| 30 | GHAZIPUR | 2234 | 14 | 2248 | 2680800 | 16800 | 2697600 | 670200 | 4200 | 674400 |
| 31 | GONDA | 2577 | 17 | 2594 | 3092400 | 20400 | 3112800 | 773100 | 5100 | 778200 |
| 32 | GORAKHPUR | 2464 | 20 | 2484 | 2956800 | 24000 | 2980800 | 739200 | 6000 | 745200 |
| 33 | HAMIRPUR | 951 | 7 | 958 | 1141200 | 8400 | 1149600 | 285300 | 2100 | 287400 |
| 34 | HAPUR | 491 | 4 | 495 | 589200 | 4800 | 594000 | 147300 | 1200 | 148500 |
| 35 | HARDOI | 3410 | 20 | 3430 | 4092000 | 24000 | 4116000 | 1023000 | 6000 | 1029000 |
| 36 | HATHRAS | 1222 | 6 | 1228 | 1466400 | 7200 | 1473600 | 366600 | 1800 | 368400 |
| 37 | JALAUN | 1475 | 8 | 1483 | 1770000 | 9600 | 1779600 | 442500 | 2400 | 444900 |
| 38 | JAUNPUR | 2769 | 19 | 2788 | 3322800 | 22800 | 3345600 | 830700 | 5700 | 836400 |
| 39 | JHANSI | 1422 | 9 | 1431 | 1706400 | 10800 | 1717200 | 426600 | 2700 | 429300 |
| 40 | AMROHA | 1252 | 8 | 1260 | 1502400 | 9600 | 1512000 | 375600 | 2400 | 378000 |
| 41 | KANNAUJ | 1441 | 5 | 1446 | 1729200 | 6000 | 1735200 | 432300 | 1500 | 433800 |
| 42 | KANPUR DEHAT | 1904 | 1 | 1905 | 2284800 | 1200 | 2286000 | 571200 | 300 | 571500 |
| 43 | KANPUR NAGAR | 1764 | 0 | 1764 | 2116800 | 0 | 2116800 | 529200 | 0 | 529200 |
| 44 | KASGANJ | 1250 | 8 | 1258 | 1500000 | 9600 | 1509600 | 375000 | 2400 | 377400 |
| 45 | KAUSHAMBI | 1081 | 8 | 1089 | 1297200 | 9600 | 1306800 | 324300 | 2400 | 326700 |
| 46 | KHERI | 3075 | 16 | 3091 | 3690000 | 19200 | 3709200 | 922500 | 4800 | 927300 |
| 47 | KUSHINAGAR | 2433 | 14 | 2447 | 2919600 | 16800 | 2936400 | 729900 | 4200 | 734100 |
| 48 | LALITPUR | 1346 | 6 | 1352 | 1615200 | 7200 | 1622400 | 403800 | 1800 | 405600 |
| 49 | LUCKNOW | 1601 | 8 | 1609 | 1921200 | 9600 | 1930800 | 480300 | 2400 | 482700 |
| 50 | MAHARAJGANJ | 1700 | 13 | 1713 | 2040000 | 15600 | 2055600 | 510000 | 3900 | 513900 |
| 51 | MAHOBA | 834 | 4 | 838 | 1000800 | 4800 | 1005600 | 250200 | 1200 | 251400 |
| 52 | MAINPURI | 1894 | 3 | 1897 | 2272800 | 3600 | 2276400 | 568200 | 900 | 569100 |
| 53 | MATHURA | 1523 | 10 | 1533 | 1827600 | 12000 | 1839600 | 456900 | 3000 | 459900 |
| 54 | MAU | 1191 | 5 | 1196 | 1429200 | 6000 | 1435200 | 357300 | 1500 | 358800 |
| 55 | MEERUT | 1047 | 5 | 1052 | 1256400 | 6000 | 1262400 | 314100 | 1500 | 315600 |
| 56 | MIRZAPUR | 1805 | 10 | 1815 | 2166000 | 12000 | 2178000 | 541500 | 3000 | 544500 |
| 57 | MORADABAD | 1394 | 9 | 1403 | 1672800 | 10800 | 1683600 | 418200 | 2700 | 420900 |
| 58 | MUZAFFARNAGAR | 926 | 8 | 934 | 1111200 | 9600 | 1120800 | 277800 | 2400 | 280200 |
| 59 | PILIBHIT | 1483 | 9 | 1492 | 1779600 | 10800 | 1790400 | 444900 | 2700 | 447600 |
| 60 | PRATAPGARH | 2344 | 15 | 2359 | 2812800 | 18000 | 2830800 | 703200 | 4500 | 707700 |
| 61 | PRAYAGRAJ | 2790 | 20 | 2810 | 3348000 | 24000 | 3372000 | 837000 | 6000 | 843000 |
| 62 | RAE BARELI | 2271 | 16 | 2287 | 2725200 | 19200 | 2744400 | 681300 | 4800 | 686100 |
| 63 | RAMPUR | 1585 | 7 | 1592 | 1902000 | 8400 | 1910400 | 475500 | 2100 | 477600 |
| 64 | SAHARANPUR | 1415 | 9 | 1424 | 1698000 | 10800 | 1708800 | 424500 | 2700 | 427200 |
| 65 | SAMBHAL | 1273 | 10 | 1283 | 1527600 | 12000 | 1539600 | 381900 | 3000 | 384900 |
| 66 | SANT KABIR NAGAR | 1228 | 7 | 1235 | 1473600 | 8400 | 1482000 | 368400 | 2100 | 370500 |
| 67 | SHAHJAHANPUR | 2689 | 16 | 2705 | 3226800 | 19200 | 3246000 | 806700 | 4800 | 811500 |
| 68 | SHAMLI | 582 | 4 | 586 | 698400 | 4800 | 703200 | 174600 | 1200 | 175800 |
| 69 | SHRAWASTI | 973 | 5 | 978 | 1167600 | 6000 | 1173600 | 291900 | 1500 | 293400 |
| 70 | SIDDHARTHNAGAR | 2229 | 13 | 2242 | 2674800 | 15600 | 2690400 | 668700 | 3900 | 672600 |
| 71 | SITAPUR | 3480 | 20 | 3500 | 4176000 | 24000 | 4200000 | 1044000 | 6000 | 1050000 |
| 72 | SONBHADRA | 2064 | 9 | 2073 | 2476800 | 10800 | 2487600 | 619200 | 2700 | 621900 |
| 73 | SULTANPUR | 2039 | 12 | 2051 | 2446800 | 14400 | 2461200 | 611700 | 3600 | 615300 |
| 74 | UNNAO | 2683 | 13 | 2696 | 3219600 | 15600 | 3235200 | 804900 | 3900 | 808800 |
| 75 | VARANASI | 1130 | 6 | 1136 | 1356000 | 7200 | 1363200 | 339000 | 1800 | 340800 |
| | कुल योग | 131279 | 746 | 132025 | 157534800 | 895200 | 158430000 | 39383700 | 223800 | 39607500 |

**वित्तीय निर्देश**

1. वार्षिकोत्सव के आयोजन हेतु Training of SMC मद से परिषदीय विद्यालयों को कॉलम संख्या 6 में अंकित प्रति विद्यालय रू0 1200/– की दर से कुल धनराशि रू0 157534800 (रू0 पन्द्रह करोड़ पच्चहत्तर लाख चौतींस हजार आठ सौ मात्र) तथा के0जी0बी0वी0 को कॉलम संख्या 7 में अंकित कुल धनराशि रू0 895200 (रू0 आठ लाख पिचान्नवे हजार दो सौ मात्र) की लिमिट जारी की जा रही है।
2. खेल उत्सव के आयोजन हेतु Community Mobilization मद से परिषदीय विद्यालयों को कॉलम संख्या 9 में अंकित प्रति विद्यालय रू0 300/– की दर से कुल धनराशि रू0 39383700 (रू0 तीन करोड़ तिरानवे लाख तिरासी हजार सात सौ मात्र) तथा के0जी0बी0वी0 को कॉलम संख्या 10 में अंकित कुल धनराशि रू0 223800 (रू0 दो लाख तेइस हजार आठ सौ मात्र) की लिमिट जारी की जा रही है।

3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी का व्यक्तिगत दायित्व होगा कि राज्य परियोजना कार्यालय स्तर से धनराशि सीमा निर्धारण के 03 दिवस के भीतर पी0एम0श्री विद्यालयों को छोड़कर समस्त परिषदीय विद्यालयों के विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में लिमिट जारी कर दी जाए।

4. कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव के आयोजन हेतु लिमिट सीधे राज्य परियोजनाा कार्यालय द्वारा जारी की जा रही है।

5. उक्त धनराशि का व्यय निम्नलिखित निर्देशों के अधीन किया जायेगाः–

1) संदर्भित मद में व्यय किये जाने वाला वित्तीय नियमों/क्रय नियमों तथा समग्र शिक्षा के मैनुअल ऑन फाइनेंनसियल मैनेंजमेंट एण्ड प्रोक्योरमेंट 2024 के प्रावधानों एवं सुसंगत शासनादेशों के अन्तर्गत नियमानुसार करते हुए संलग्न उपभोग प्रमाण–पत्र राज्य परियोजना कार्यालय को अनिवार्यतः उपलब्ध कराया जाए।

2) उपर्युक्त मद में किए गये व्यय से सम्बन्धित बिल वाउचर्स जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास संरक्षित रखे जायें एवम् नियमानुसार आन्तरिक एवं वैधानिक सम्प्रेषण के समय प्रस्तुत किए जायेंगें।

3) व्यय का विवरण (मदवार) कार्य पूर्ण होने के उपरान्त राज्य परियोजना कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए।

4) जिस मद में धनराशि स्वीकृत की जा रही है, उसी मद में व्यय की जायेगी। मद विचलन मान्य नहीं होगा। आवंटित धनराशि से अधिक व्यय किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।

5) दोहरे भुगतान की स्थिति में सम्बन्धित आहरण/वितरण अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा।

6) भुगतान/व्यय तथा बैंक से वास्तविक रूप से डेबिट होने के उपरान्त ही सम्बन्धित का व्यय प्रबन्ध पोर्टल के Training of SMC एवं Media and Community Mobilization मद में अंकित करना सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में पी0एफ0एम0एस0 एवं प्रबन्ध पोर्टल के व्यय में भिन्नता प्रदर्शित न हो।

- Media and Community Mobilization PFMS Code F.01.09
- Training of SMC PFMS Code F.01.10

**अनुश्रवण की व्यवस्थाः–**

- प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कम से कम 2 ब्लॉक के कुल 4 विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव का अनुश्रवण किया जायेगा।
- सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा कम से कम 2 जनपदों के कुल 4 विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव का अनुश्रवण किया जायेगा।
- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कम से कम 2 ब्लॉक के कुल 4 विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव का अनुश्रवण किया जाए।
- प्रत्येक एस.आर.जी. एवं ए0आर0पी0 द्वारा कम से कम 3 विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव का अनुश्रवण किया जायेगा।
- खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा ब्लॉक के कुल 5 विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव का अनुश्रवण किया जायेगा।
- प्रत्येक जिला समन्वयक द्वारा कम से कम 3 ब्लॉक के कुल 06 विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव का अनुश्रवण किया जायेगा।
- प्रधानाध्यापक द्वारा वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव की Geo tag फोटोग्राफ्स प्रेरणा पोर्टल के एस0एम0सी0 मॉडयूल पर अपलोड किया जायेगा।

उपर्युक्त निर्देश का शत–प्रतिशत अनुपालन कराते हुए विद्यालय स्तर पर वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव का आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया,

(मोनिका रानी)
राज्य परियोजना निदेशक

पत्रांक सामु0सह0/ वार्षिकोत्सव/ /2025–26 लखनऊ तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. अपर प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
4. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
5. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल उत्तर प्रदेश।
7. सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
8. समस्त जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
9. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकास खण्ड, उत्तर प्रदेश।

(मोनिका रानी)
राज्य परियोजना निदेशक